# FIRST INFORMATION REPORT
(Under Section 154 Cr.P.C.)
**(प्रथम सूचना रिपोर्ट )**
**(धारा 154 दण्ड प्रक्रिया संहिता के तहत)**

1. **District (जिला):** ACB DISTRICT **P.S. (थाना):** C.P.S Jaipur **Year (वर्ष):** 2024

2. **FIR No. (प्र.सू.रि.सं):** 0049 **Date and Time of FIR (एफआईआर की तिथि/समय):** 29/03/2024 15:55 बजे

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धाराएँ) |
|---|---|---|
| 1 | भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित) | 7 |
| 2 | भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित) | 7A |
| 3 | भा दं सं 1860 | 120-B |

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**
   1. **Day(दिन):** दरमियानी दिन **Date From (दिनांक से):** 26/03/2024 **Date To (दिनांक तक):** 27/03/2024
   **Time Period (समय अवधि):** पहर **Time From (समय से):** 09:30 बजे **Time To (समय तक):** 16:35 बजे
   (b) **Information received at P.S. (थाना जहाँ सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 29/03/2024 **Time (समय):** 13:30 बजे
   (c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ) :** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 001 **Date & Time (दिनांक एवं समय)** 29/03/2024 15:55:18 बजे

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** लिखित
5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**
   1. (a) **Direction and distance from P.S. (थाने से दिशा और दूरी):** EAST, 465 किमी **Beat No. (बीट सं.) :** NOT APPLICABLE
   (b)**Address(पता):** Fertilizer and Seeds Shop, Kaesrimal Mohanlal Paokhrana, Kasba Vallbhnagar
   (c **In case, outside the limit of this Police Station, then (यदि थाना सीमा के बाहर हैं तो)**
   **Name of P.S (थाना का नाम):** **District(State) (जिला (राज्य) ):**

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

(a) **Name(नाम):** Laogrlal

(b) **Father's Name (पिता का नाम):** Gokul ji

(c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि/ वर्ष):** 1979 **(d)Nationality(राष्ट्रीयता):** INDIA

(e) **UID No(यूआईडी सं.):**

(f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**

**Date of Issue (जारी करने की तिथि):** **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**

(g) **Id details (Ration Card,Voter ID Card,Passport,UID No.,Driving License,PAN) (पहचान विवरण( राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र,पारपत्र,आधार कार्ड सं,ड्राइविंग लाइसेंस,पैन)):**

| S.No. | Id Type | Id Number |
|---|---|---|

(h) **Occupation (व्यवसाय):**

(i) **Address(पता):**

| S.No. (क्र. सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | वर्तमान पता | Uda Khera, VALLABHNAGAR , UDAIPUR, RAJASTHAN, INDIA |
| 2 | स्थायी पता | Uda Khera, VALLABHNAGAR , UDAIPUR, RAJASTHAN, INDIA |

(j) **Phone number (दूरभाष न.):** **Mobile (मोबाइल न.):** 91-6377402759

7. **Details of known/suspected/unknown accused with full particulars (ज्ञात/संदिग्ध/अज्ञात अभियुक्त का पुरे विवरण सहित वर्णन):**

**Accused More Than(अज्ञात आरोपी एक से अधिक हो तो संख्या):**

| S.No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Address (पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Bajrng Singh | | पिता:Puranmal Meena | 1. Police station vallabhnagar,VALLABHNAGAR ,UDAIPUR,RAJASTHAN,INDIA |
| 2 | Kamalesh Paokhrna | | पिता:Bhanwarlal ji | 1. Paokhrna Gali,Sadar Bajar Vallabhnaga,UDAIPUR,RAJASTHAN,INDIA |

8. **Reasons for delay in reporting by the complainant/informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

9. **Particulars of properties of interest (Attach separate sheet, if necessary) (सम्बन्धित सम्पत्ति का विवरण( यदि आवश्यक हो, तो अलग पृष्ट नत्थी करें)):**

| S.No. (क्र.सं.) | Property Category (सम्पत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति के प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य(रु में)) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सिक्के और मुद्रा | रुपये | | 1,00,000.00 |

10. **Total value of property stolen(In Rs/-)**
**(चोरी हुई संपत्ति का कुल मूल्य(रु में) ):** 1,00,000.00

11. **Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण न., यदि कोई हो):**

| S.No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.आई.डी.बी. संख्या) |
|---|---|

12. **First Information contents (Attach separate sheet, if necessary)**
**(प्रथम सूचना तथ्य(यदि आवश्यक हो , तो अलग पृष्ठ नत्थी करे)):**

महोदय, वाकियात मामला इस प्रकार निवेदन है की प्रार्थी लोगर लाल पुत्र श्री गोकल जी जाति गायरी निवासी उदा खेडा पुलिस थाना वल्लभनगर द्वारा ब्यूरो इकाई उदयपुर पर उपस्थित हो एक लिखित रिपोर्ट इस आशय की प्रस्तुत की कि दिनांक 22.3.2024 को मेरी जेसीबी एवं टेक्टर मेरे घर पर खडे थे कि शाम को 8.15 पीएम पर थानाधिकारी श्रीमती दीपिका राठौड मय जाब्ता मेरे मकान पर आये तथा मेरे बाडे में रखी हुई जेसीबी तथा टेक्टर थाने में ले जाने के लिये जा रहे थे । मैंने कहा क्यों ले जा रहे हो उन्होने कहा तुम अवैध खनन करते हो इस तरह से धमकी देकर मेरी जेसीबी व टेक्टर लेकर गये है। मौके पर मेरे कोई हस्ताक्षर नहीं करवाए हैं मेरे वाहन पुलिस थाना वल्लभनगर में रखे हुए हैं। दलाल श्री कमलेश पोखरना का मेरे मोबाईल पर फोन आया कि थानाधिकारी वल्लभनगर वाहन छोडने की एवज में 1,50,000 (एक लाख 50 हजार) रूपये की मांग कर रह हैं इस तरह मेरे बार बार फोन कर रूपये की मांग कर रहा है दिनांक 24.3.2024 को श्री कमलेश पोखरना मेर घर पर आया और मुझे कहा कि तेरे वाहन नही छुडाने है क्या तो मैंने बताया कि मेरे वाहन तो छुडवाने है लेकिन मेडम तो 1,50,000 रूपये मांग रही है मैं इतने पैसे नहीं दे सकता हूं जिस पर उसने कहा तुम थाने पर आ जाओ मैं मेडम से बातचित कर तुम्हारे पैसे कम करवा दूंगा इस तरह थानाधिकारी वल्लभनगर एवं दलाल श्री कमलेश पोखरना को मैं रिश्वती राशि नहीं देना चाहता हूं न ही मेरी उनसे कोई दुश्मनी है नहीं मैंने उक्त दोनो से रूपये उधार लिये हैं। अतः रिपोर्ट मैंने मेरे दोस्त श्री नारायणलाल पुत्र भेराजी डांगी निवासी भीमल चारण ने मेरे बोले अनुसार रिपोर्ट लिखी है रिपोर्ट पेश है कानूनी कार्यवाही करावें। जिस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा श्री पुष्करलाल हैडकानि ने मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के समक्ष परिवादी श्री लोगर लाल पुत्र श्री गोकल जी जाति गायरी निवासी उदा खेडा पुलिस थाना वल्लभगनर जिला उदयपुर मय उसके परिचित श्री नारायणलाल द्वारा दिनांक 25-3-2024 को समय करीबन 9.10 एएम पर उपस्थित होकर प्रस्तुतशुदा लिखित रिपोर्ट पेश कर अवगत कराया कि ब्यूरो इकाई उदयपुर पर दिनांक 25-03-2024 को समय करीबन 9.10 एएम पर परिवादी श्री लोगर लाल पुत्र श्री गोकल जी जाति गायरी निवासी उदा खेडा पुलिस थाना वल्लभगनर जिला उदयपुर अपने परिचित श्री नारायणलाल के उपस्थित होकर एक लिखित रिपोर्ट ब्यूरो इकाई पर उपस्थित होकर पुष्कर लाल हैडकानि को थानाधिकारी वल्लभनगर श्रीमती दीपिका राठोड व उसके दलाल कमलेश पोखरना के मार्फत 1.50 लाख रूपये की रिश्वत मांगने की प्रस्तुत की जिस पर पुष्करलाल हैडकानि. द्वारा मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को जरिये दूरभाष अवगत कराया गया। जिस पर पुष्कर लाल हैडकानि द्वारा मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अग्रिम कार्यवाही के क्रम में श्री टीकाराम कानि. नं. 476 को कार्यालय में बुला कर अग्रिम रिश्वती राशि मांग सत्यापन वार्ता कराने हेतु निर्देशित किया गया एवं पुष्कर लाल हैडकानि. द्वारा परिवादी को ब्यूरो की कार्य प्रणाली (ट्रेप कार्यवाही) के बारे में समझाईश की जाकर अग्रिम ट्रेप कार्यवाही के क्रम में रिश्वती राशि मांग सत्यापन कराना आवश्यक होना अवगत कराया गया एवं मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार पुष्कर लाल हैडकानि द्वारा श्री टीकाराम कानि. को कार्यालय में तलब कर परिवादी श्री लोगरलाल व उसके परिचित नारायणलाल का श्री टीकराम कानि. का आपस में परिचय करा एक-दूसरे के मोबाईल नम्बर आपस में दिलाये जाकर अग्रिम रिश्वती राशि मांग सत्यापन वार्ता दिनांक 26-3-2024 को कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर आज दिनांक 26-03-2024 को प्रातः 9.20 बजे मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार श्री पुष्कर लाल हैडकानि. द्वारा कार्यालय आलमारी से डिजिटल टेप रिकार्डर निकाल उसमें नया रिक्त मेमोरी कार्ड डाल कर डिजिटल टेप रिकार्डर श्री टीकराम कानि. नं. 476 को सुपुर्द कर निर्देशानुसार ईमदाद हेतु श्री सुरेश कानि. नं. 424 को भी मुनासिफ हिदायत दी जाकर रूखसत किया गया। तदुपरांत मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा परिवादी द्वारा प्रस्तुतशुदा रिपोर्ट दिनांक 26.3.2024 का अवलोकन किया गया तो रिपोर्ट पुलिस थाना वल्लभनगर के थानाधिकारी श्रीमती दीपिका राठौड द्वारा परिवादी के बाडे में खडे जेसीबी व टैक्टर वाहन को पुलिस थाने ले जाना व उसको छोडने की एवज में अपने दलाल श्री कमलेश पोखरना के मार्फत 1.50 लाख रूपये की रिश्वत मांगने की होना प्रमाणित पाया गया। श्री टीकाराम व सुरेश कानि. के ब्यूरो में उपस्थित होने पर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। तदुपरांत श्री टीकाराम कानि ने मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के समक्ष उपस्थित होकर ब्यूरो का डिजिटल टेप रिकार्डर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को सुपुर्द कर अवगत कराया गया कि मैं आज सुबह श्रीमान के निर्देशानुसार श्री पुष्करलाल हैडकानि. से ब्यूरो का डिजिटल टेप रिकार्डर जिसमें नया रिक्त मैमोरी कार्ड के सुबह 9.20 एएम पर श्री सुरेश कुमार कानि. के साथ

रवाना होकर समय करीबन 10.30 एएम पर वल्लभनगर कस्बे के कुछ पहले एकान्त स्थान पर रूके जहां पर मेरे द्वारा परिवादी से जरिये दूरभाष सम्पर्क किया गया तो परिवादी एकान्त जगह पर उसके परिचित श्री नारायण लाल के जहां पर मेरे द्वारा परिवादी उपस्थित मिला जिस पर मेरे द्वारा श्री सुरेश कुमार कानि के समक्ष परिवादी को ब्यूरो के डिजीटल टेप रिकार्डर के संचालन (बन्द व चालू करना एवं वार्ता रिकार्ड करना) भली भांती समझाई जाकर ब्यूरो का डिजीटल टेप रिकार्डर परिवादी श्री लोगरलाल को चालु कर सुपुर्द किया जाकर परिवादी को समय करीबन 10.51 एएम पर वल्लभनगर कस्बे में स्थित दलाल श्री कमलेश पोखरना की खाद व सीमेन्ट की दूकान की ओर रवाना कर मैं व श्री सुरेश कुमार कानि भी वल्लभनगर कस्बे में स्थित दलाल श्री कमलेश पोखरना की खाद व सीमेन्ट की दूकान के आस पास अपनी-अपनी उपस्थिति छुपाये परिवादी के पुनः आने के इन्तजार में खडे रहे कि समय करीबन 11.36 एएम पर परिवादी को वल्लभनगर कस्बे में स्थित दलाल श्री कमलेश पोखरना की खाद व सीमेन्ट की दूकान से बाहर आकर पुनः उसी एकान्त स्थान की ओर जाने लगा पीछे-पीछे मैं व सुरेश भी गये जहां परिवादी ने ब्यूरो का डिजीटल टेप रिकार्डर मुझे दिया जिसे मेरे द्वारा बन्द कर अपने पास सुरक्षित रखा एवं परिवादी से पूछा गया तो परिवादी बताया कि मैं दलाल कमलेश पोखरना से जाकर मिला था तो उसने मुझे कहा कि थानाधिकारी मेडम ने 1.50 लाख रूपये के लिये कहा है और मेरे सामने ही थानाधिकारी मेडम को कॉल कर बात कि तो मेडम ने कहा कि होली का प्रोग्राम चल रहा है 2 घण्टे बाद थाने पर आकर मिलना फिर मैंने दलाल कमलेश पोखरना को 2 घण्टे बाद मिलने को कहा। फिर मैं परिवादी व सुरेश वहां से रवाना होकर अन्य एकान्त स्थान में 2 घण्टे व्यतीत किये और फिर हम तीनो वापस वल्लभनगर कस्बे के पास आये और मैंने वापस ब्यूरो का डिजीटल टेप रिकार्डर के संचालन की विधि वापस समझाई जाकर परिवादी को डिजीटल टेप रिकार्डर चालु कर समय करीबन 2.17 पीएम पर वल्लभनगर कस्बे में स्थित दलाल श्री कमलेश पोखरना की खाद व सीमेन्ट की दूकान की ओर रवाना कर मैं व श्री सुरेश कुमार कानि भी वल्लभनगर कस्बे में स्थित दलाल श्री कमलेश पोखरना की खाद व सीमेन्ट की दूकान के आस पास अपनी-अपनी उपस्थिति छुपाये परिवादी के पुनः आने के इन्तजार में खडे रहे कि समय करीबन 4.52 पीएम पर परिवादी वल्लभनगर कस्बे में स्थित दलाल श्री कमलेश पोखरना की खाद व सीमेन्ट की दूकान से बाहर आकर पुनः उसी एकान्त स्थान की ओर जाने लगा पीछे-पीछे मैं व सुरेश भी गये जहां परिवादी ने ब्यूरो का डिजीटल टेप रिकार्डर मुझे दिया जिसे मेरे द्वारा बन्द कर अपने पास सुरक्षित रखा एवं परिवादी से पूछा गया तो परिवादी बताया कि मैं दलाल श्री कमलेश पोखरना की दूकान पर गया और उससे बात कर रहा था कि इसी दौरान पुलिस थाना वल्लभनगर एक कानिस्टेबल बजरंगसिंह दलाल की दूकान पर आया और कहा कि ये कमलेश जी मेडम ने इनको पूरा पावर दे रखा है, मेडम डेढ लाख रूपये के लिये कह रही है, मैं अब मेडम से बात नहीं कर सकता मेडम 1.50 लाख से कम नहीं करेगी, मेडम तो पैसे के बिना नहीं मानेगी और आपसे भी कोई वार्ता नहीं करेगी। आप थाने पर व्यवस्था कर थाने पर आ जाना मेरे वार्ता कर ले ना फिर मेरे द्वारा उपरोक्त हालात श्रीमान को अवगत कराये एवं श्रीमान के निर्देशानुसार हम तीनो वापस उक्त एकान्त स्थान से आगे जाकर रूके व मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा शाम होने का इन्तजार किया फिर शाम को पुनः हम तीनो वापस वल्लभनगर कस्बे के पास आये और मैंने वापस परिवादी को ब्यूरो का डिजीटल टेप रिकार्डर के संचालन की विधि समझाई जाकर परिवादी को डिजीटल टेप रिकार्डर चालु कर समय करीबन 7.02 पीएम पर वल्लभनगर थाने की ओर रवाना किया व मैं व सुरेश भी वहां परिवादी के पीछे-पीछे पुलिस थाना वल्लभनगर के आस-पास अपनी-अपनी उपस्थिति छुपाये खडे थे कि समय करीबन 8.43 पीएम. पर परिवादी पुनः थाना परिसर से बाहर निकल कर एकान्त स्थान की ओर रवाना हुआ पीछे-पीछे मैं व सुरेश भी रवाना होकर परिवादी के पास पहुंचे जहां पर परिवादी ने ब्यूरो का डिजीटल टेप रिकार्डर मुझे सुपुर्द किया जिसे बन्द कर मैंने मेरे पास सुरक्षित रखा और परिवादी को पूछने पर बताया कि थाने मैं थानाधिकारी मेडम दीपिका राठौड से मिला तो उन्होने मुझसे मेरी जेसीबी और टेक्टर के चालान कागज तैयार किये और उस पर मेरे हसताक्षर करवाये और मेरा लाईसेन्स ले लिया और मेरे वाहन ले जाने को कहा। फिर मैंने श्रीमान को उपरोक्त हालात जरिये दूरभाष अवगत कराये तो मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार श्री टीकाराम कानि द्वारा परिवादी को वहीं से रूखसत देकर थानाधिकारी को रिश्वत में दी जाने वाली रिश्वती राशि 1,50,000 रूपये की व्यवस्था कर दिनांक 27-3-2024 को प्रातः 10.00 बजे उपस्थित मिलने और इससे पहले दलाल, कानि. अथवा थानाधिकारी द्वारा किसी भी प्रकार से सम्पर्क करने पर टीकाराम कानि. या सुरेश कानि से सम्पर्क करने आदि मुनासिफ हिदायत देकर वहीं से रूखसत कर दिया व टीकाराम कानि व सुरेश कानि. दोनो वहां से रवाना होकर ब्यूरो इकाई पर उपस्थित हुए हैं। जिस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा श्री सुरेश कुमार कानि से पूछा गया तो श्री सुरेश कुमार कानि. एवं श्री टीकराम कानि. द्वारा अवगत कराये उपरोक्त हालात की ताईद की गई। मन् अतिरिक्त पुलिस आ्ीक्षक द्वारा श्री टीकाराम कानि. द्वारा प्रस्तुत ब्यूरो का डिजीटल टेप रिकार्डर चला कर सुना गया तो थानाधिकारी वल्लभनगर श्रीमती दीपिका राठौड द्वारा परिवादी के वाहन जेसीबी व टेक्टर परिवादी के बाडे से थाने पर ले जाना व इन वाहनों को छोडने की एवज में थाने के कानिस्टेबल बजरंग सिंह व दलाल श्री कमलेश पोखरना के मार्फत 1,50,000 रूपये रिश्वत की मांग करने की पुष्टि होती हैं। अभी समय रात्रि का होने एवं अग्रिम ट्रेप कार्यवाही कल दिनांक 27-3-2024 को करना आवश्यक होना एवं अग्रिम कार्यवाही के क्रम में दो स्वतंत्र गवाह की तलबी एवं थानाधिकारी महिला होने से महिला कानि. की तलबी कल सुबह की जावेगी। डिजीटल टेप रिकार्डर को श्री पुष्करलाल हैडकानि. को

कार्यालय आलमारी में सुरक्षित रखवाया गया। उपरोक्त ट्रेप के हालात श्रीमान उप महानिरीक्षक पुलिस भ्रनिब्यूरो उदयपुर रेन्ज उदयपुर को अर्ज कर ट्रेप कार्यवाही में ईमदाद हेतु श्री रतनसिंह पुलिस उप अधीक्षक भ्रनिब्यूरो चौकी डूंगरपुर को मय जाब्ते की तलबी हेतु निवेदन किया गया। मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा अग्रिम ट्रेप कार्यवाही के क्रम दो स्वतंत्र गवाह की तलबी के क्रम में तहरीर क्रमांक 955 दिनांक 27.3.2024 तहसीलदार गिर्वा जिला उदयपुर के नाम जारी की जाकर श्री गुलाबसिंह हैडकानि. को रवाना तहसील कार्यालय गिर्वा जिला उदयपुर किया गया एवं टे<sup>a</sup>प कार्यवाही के क्रम में महिला कानि. की तलबी हेतु तहरीर क्रमांक 954 दिनांक 27-3-2024 संचित निरीक्षक पुलिस लाईन उदयपुर के नाम जारी कर तहरीर जरिये ई-मेल भिजवाई जाकर जरिये दूरभाष भी संचित निरीक्षक कार्यालय महिला कानि.हेतु सम्पर्क किया गया। श्री गुलाबसिंह हैडकानि. पैरा उपरोक्त का रवाना शुदा मय स्वतंत्र गवाहान श्री नवलसिंह वरिष्ठ लिपिक व श्री गोपाल डांगी के कार्यालय में उपस्थित हुआ। जिस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वतंत्र गवाहान का परिचय पूछा गया तो स्वतंत्र गवाह ने अपना परिचय क्रमशः श्री नवलसिंह पुत्र स्व. श्री नाहर सिंह जाति राजपूत उम्र 39 साल निवासी वरडा जातलाई तहसील बडगांव पुलिस थाना नाई जिला उदयपुर हाल कनिष्ठ सहायक कार्यालय तहसीलदार गिर्वा जिला उदयपुर मोबाइल नं. 9636043066 एवं श्री गोपाल डांगी पुत्र श्री खेमराज डांगी जाति डांगी निवासी मनवाखेडा पुलिस थाना हिरणमगरी हाल पटवारी पटवार मण्डल उमरडा जिला उदयपुर मोबाईल नं. 7014373110 होना बताया गया। जिस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त दोनो स्वतंत्र गवाह को ब्यूरो द्वारा की जा रही गोपनीय कार्यवाही में बतौर स्वतंत्र गवाह उपस्थित रहने हेतु स्वीकृति चाही गई तो हर दोनो गवाहान द्वारा अपनी-अपनी मौखिक स्वीकृति प्रदान की गई। स्वतंत्र गवाहान के समक्ष ब्यूरो का डिजीटल टेप रिकार्डर श्री गुलाब सिंह कानि. से मंगवाया जाकर हर दोनो गवाहों को कल दिनांक 26-03-2024 को परिवादी एवं संदिग्ध दलाल, कानि. व थानाधिकारी के मध्य हुई वार्ताओं के मुख्य अंश को चला कर सुनाया गया तो हर दोनो गवाहान द्वारा भी रिश्वती राशि मांग सत्यापन की पुष्टि की गई। इसी दौरान तलब शुदा महिला कानि. सुश्री सोनल झाला नं. 2709 उपस्थित आई जिसे कार्यालय में बैठाया गया एवं ट्रेप कार्यवाही में टेक्सी की आवश्यकता होने से वाहनों की तलबी की जाने पर श्री रतनसिंह राजपुरोहित पुलिस उप अधीक्षक भ्रनिब्यूरो उदयपुर अतिरिक्त चार्ज ब्यूरो इकाई डूंगरपुर मय ब्यूरो इकाई डूंगरपुर के जाब्ता श्री नारायणलाल सहायक प्रशासनिक अधिकारी, श्री धिरेन्द्र सिंह कानि., श्री अख्तर हैडकानि., श्री बाबुलाल, महेश कानिगण मय सरकारी वाहन टवेरा के ब्यूरो इकाई पर उपस्थित आये। जिस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा श्री रतनसिंह राजपुरोहित पुलिस उप अधीक्षक का परिचय उपस्थित स्वतंत्र गवाहान से करवाया गया एवं अब तक की गई कार्यवाही के हालात से अवगत करा अग्रिम ट्रेप कार्यवाही में सम्मिलित किया गया एवं तलबशुदा टेक्सी वाहन संख्या आरजे 27 टीबी 2277 मय चालक के उपस्थित आया। टेक्सी वाहन को परिसर में खडा करवाया गया। मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा अग्रिम ट्रेप कार्यवाही आयोजन के क्रम में श्री रतनसिंह राजपुरोहित पुलिस उप अधीक्षक भ्रनिब्यूरो उदयपुर अतिरिक्त चार्ज ब्यूरो इकाई डूंगरपुर मय ब्यूरो इकाई डूंगरपुर के जाब्ता श्री नारायणलाल सहायक प्रशासनिक अधिकारी, श्री धीरेन्द्र सिंह कानि., श्री अख्तर हैडकानि., श्री बाबुलाल, महेश कानिगण व स्वतंत्र गवाहान श्री नवलसिंह व श्री गोपाल डांगी मय सरकारी वाहन टवेरा से मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय जाब्ता श्री गजेन्द्र गुर्जर सउनि, श्री पुष्करलाल हैडकानि., गुलाबसिंह हैडकानि. मय ट्रेप बॉक्स, श्री टीकराम, श्री सुरेश कुमार कानि., सुश्री सोनल महिला कानि एवं श्री लक्ष्मणसिंह कनिष्ठ सहायक मय फिनोफथलीन पाउडर की शीशी व ट्रेप बॉक्स के टेक्सी वाहन नं. आरजे 27 टीबी 2277 मय चालक के रवाना कस्बा वल्लभनगर की ओर हुआ। मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय उपरोक्त जाब्ता के सरकारी/टेक्सी वाहनों से रवानाशुदा कस्बा राणाकुडी पहुंचे जहां पर परिवादी तलवीदा मय उसके परिचित श्री नारायणलाल के उपस्थित मिला जिस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा परिवादी को सुरक्षित स्थान के बारे में पूछा गया तो परिवादी श्री लोगरलाल ने उसके परिचित श्री नारायणलाल के फार्म हाउस उपलब्ध कराया गया। जिस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय हमराहियान परिवादी लोगरलाल के परिचित श्री नारायणलाल के फार्म हाउस में पहुंच वाहनों का एक साईड खडा किया गया एवं परिवादी एवं स्वतंत्र गवाहान का आपस में परिचय कराया गया एवं परिवादी की लिखित रिपोर्ट को परिवादी के परिचित नारायणलाल एवं उपस्थित स्वतंत्र गवाहान के समक्ष पढ कर सुनाई गई तो परिवादी श्री लोगरलाल द्वारा लिखित रिपोर्ट शब्द ब शब्द सही होना एवं रिपोर्ट उसके कहे अनुसार उसके परिचित श्री नारायण लाल द्वारा लिखना और उस पर स्वयं के हस्ताक्षर होने की ताईद की गई। जिस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा परिवादी की लिखत रिपोर्ट पर दोनो स्वतंत्र गवाहान एवं परिवादी के परिचित श्री नारायणलाल के हस्ताक्षर करवाये गये। मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित स्वतंत्र गवाहान श्री नवलसिंह कनिष्ठ सहायक, श्री गोपालडांगी पटवारी व रतनसिंह राजपुरोहित पुलिस उप अधीक्षक व जाब्ते के समक्ष परिवादी श्री लोगरलाल को आरोपिया थानाधिकारी दीपिका राठौड के दलाल श्री बजरंगसिंह मीणा कानि व श्री कमलेश पोखरना को दी जाने वाली रिश्वत राशि पेश करने हेतु कहने पर परिवादी लोगर लाल ने अपने पास से 500-500 रूपये के 200 नोट कुल 1,00,000 रूपये भारतीय चलन मुद्रा के पेश किये। उपरोक्त समस्त नोटों के नम्बर पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा श्री लक्ष्मणसिंह कनिष्ठ सहायक को उसके साथ लाये फिनोफथलीन पाउडर की शीशी के टेक्सी वाहन से तलब किया गया एवं उपरोक्त समस्त नोटों के दोनों ओर श्री लक्ष्मणसिंह कनिष्ठ सहायक से फिनोफ्थेलीन पाउडर लगवाया जाकर परिवादी की

पहनी हुई जब्बे की सामने की दाहिनी जेब की तलाशी स्वतंत्र गवाह श्री गोपालडांगी से लिवायी जाकर उक्त नोटों को श्री लक्ष्मणसिंह कनिष्ठ सहायक से परिवादी के पहनी हुई जब्बे की सामने की दाहिनी जेब में कोई शैः न छोडते हुए मुनासिब हिदायत के रखवाए जाकर श्री गुलाबसिंह हैडकानि से एक प्लास्टिक के पारदर्शी डिस्पोजल के गिलास में साफ पानी भरवाकर मंगवाया जाकर इसमें एक चम्मच सोडियम कार्बोनेट पाउडर डलवाकर घोल तैयार करवाया गया तो घोल का रंग अपरिवर्तित रहा। इस घोल में श्री लक्ष्मणसिंह कनिष्ठ सहायक के दाहिने हाथ की उंगलियों व अंगूठे को डूबोकर धुलवाई गई तो घोल का रंग गुलाबी हुआ। इस प्रकार परिवादी तथा स्वतंत्र गवाहान के समक्ष फिनोफ्थेलीन पाउडर एवं सोडियम कार्बोनेट पाउडर की रासायनिक प्रतिक्रिया प्रदर्शित कर बताई एवं उसके मन्तव्य से अवगत कराते हुए बताया कि यदि आरोपी, परिवादी से रिश्वती राशि मांग कर अपने हाथों से ग्रहण करेगा तो नोटों पर लगा फिनोफ्थेलीन पाउडर उसकी हाथों की अंगुलियों व अंगुठे पर लग जाएगा और जब उसके हाथों की उंगलियों व अंगुठे को उपरोक्तानुसार धुलाई जाएगी तो घोल का रंग गुलाबी हो जाएगा। जिससे यह प्रमाणित होगा कि आरोपी ने रिश्वती राशि मांग कर अपने हाथों से ग्रहण की है। उक्त गुलाबी घोल को फिकवाकर फिनोफ्थेलीन पाउडर की शीशी को श्री लक्ष्मणसिंह कनिष्ठ सहायक से फिकवाया गया तथा उपरोक्त प्लास्टिक के पारदर्शी डिस्पोजल गिलास को एवं अखबार को जलाकर नष्ट किया गया । परिवादी को यह भी हिदायत दी गई कि वह आरोपी के द्वारा रिश्वती राशि मांगने पर ही उसे देवे तथा रिश्वती राशि देने से पूर्व या देने के बाद उनके शरीर के किसी अंग को नहीं छुए। यदि अभिवादन की आवश्यकता हो तो हाथ जोड़कर अभिवादन करे तथा रिश्वती राशि देते समय जल्दबाजी व घबराहट का प्रर्दशन न करे, रिश्वती राशि दे चुकने के बाद सिर पर बन्धा हुआ साफा को उतार कर सिर पर दो बार हाथ फेरकर ईशारा ट्रेप पार्टी के सदस्यों को देखते हुए गोपनीय ईशारा करे। उपरोक्त निर्धारित ईशारा सभी ट्रेप पार्टी के सभी सदस्यों को बताया गया। ट्रेप कार्यवाही में प्रयुक्त होने वाली कांच की शीशीयॉ, ढक्कन चम्मच इत्यादि को श्री गुलाबसिंह हैडकानि. से साफ पानी व साबुन से दो बार धुलवाकर ट्रेप बाक्स में रखवाये गये। तत्पश्चात गवाहान तथा ट्रेप पार्टी के सदस्यों को यह भी हिदायत दी गई कि यथासंभव अपनी-अपनी उपस्थिति को छिपाते हुए परिवादी तथा आरोपी के मध्य रिश्वती राशि के लेन-देन को देखने व सुनने का प्रयास करे। परिवादी, स्वतंत्र गवाहान तथा ट्रेप पार्टी के सभी सदस्यों के हाथ साफ पानी व साबुन से धुलवाये गये। रिश्वती राशि के लेनदेन के वक्त आरोपी से होने वाली वार्तालाप को रिकॉर्ड करने हेतु परिवादी को ब्यूरो का डिजीटल टेप रिकॉर्डर मुनासिब हिदायत के सुपूर्द किया गया एवं श्री लक्ष्मणसिंह कनिष्ठ सहायक को मौके से मय फिनोफथलीन पाउडर की शिशि के आवश्यक हिदायत के रवाना ब्यूरो इकाई उदयपुर किया गया। उपरोक्त कार्यवाही की फर्द पेशकशी नोट व सुपुर्दगी नोट, दृष्टान्त फिनोफ्थलीन एवं सोडियम कार्बोनेट पाउडर पृथक से मुर्तिब कर संबधितों के हस्ताक्षर करवाये गये। मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय स्वतंत्र गवाहान श्री नवलसिंह कनिष्ठ सहायक, श्री गजेन्द्र गुर्जर सउनि, श्री पुष्करलाल हैडकानि. व सुश्री सोनल म.कानि. व श्री गुलाबसिंह हैडकानि. मय ट्रेप बॉक्स के टैक्सी वाहन तथा श्री रतनसिंह राजपुरोहित पुलिस उप अधीक्षक मय स्वतंत्र गवाह श्री गोपालडांगी, श्री नारायणलाल सहायक प्रशासनिक अधिकारी, श्री अख्तर हैडकानि, श्री महेश कुमार, धीरेन्द्रसिंह, श्री बाबुलाल कानिगण मय सरकारी वाहन के तथा श्री टीकराम कानि व सुरेश कुमार कानिगण को परिवादी द्वारा उपलब्ध कराई गई मोटरसाईकिल से रवाना होने से पहले परिवादी को ब्यूरो का डिजीटल टेप रिकार्डर चालु कर सुपुर्द कर रवाना आरोपी दलाल श्री कमलेश पोखरना की दूकान कस्बा वल्लभगनर की ओर कर पीछे-पीछे हमराहीयान भी रवाना हुए। जिस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय श्री रतनसिंह राजपुरोहित पुलिस उप अधीक्षक स्वतंत्र गवाहान श्री नवलसिंह कनिष्ठ सहायक, श्री गोपालडांगी, मय ट्रेप पार्टी के सदस्यगण पैरा उपरोक्त का रवाना हुए थे जो आरोपी दलाल श्री कमलेश पोखरना की दूकान केसरीमल मोहनलाल पोखरना नाम की खाद व बीज कस्बा वल्लभनगर की ओर पहुंचे जहां परिवादी आरोपी दलाल की दूकान में गया व हम सभी आरोपी दलाल कमलेश पोखरना की दूकान के आस-पास ही अपनी-अपनी स्थिति छुपाये हुए परिवादी के रिश्वती राशि लेन-देन का पूर्व निर्धारित ईशारे में खडे थे कि परिवादी कुछ समय बाद आरोपी दलाल की दूकान से बिना ईशारे के अपनी मोटरसाईकिल से रवाना हुआ पीछे-पीछे मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व श्री रतनसिंह पुलिस उप अधीक्षक मय हमराहियान के रवाना हो कस्बे के कुछ आगे एकान्त में परिवादी रूका । जिस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा भी वाहन को रोका व परिवादी से डिजीटल टेप रिकार्डर प्राप्त कर उसे बन्द अपने पास सुरक्षित रखा व परिवादी को उसके परिचित नारायणलाल के फार्म हाउस कस्बा राणाकुडी पर समय करीबन 1.50 पीएम पर पहुंचे। जहां पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित स्वतंत्र गवाहान व श्री रतनसिंह राजपुरोहित एवं ब्यूरो जाब्ते के समक्ष परिवादी को बिना ईशारे का कारण पूछा गया तो परिवादी ने बताया कि श्री कमलेश पोखरना ने मुझे कहा कि अभी मेडम भीण्डर गई हुई है उनके आने पर मैं तुम्हारे को फोन करता हूं श्री बजरंगसिंह मीणा कानि. को पैसे नहीं देगें। जिस पर मन् अतिरिक्त पुलिस मय हमराहियान के आरोपी दलाल के फोन आने के इन्तजार में परिवादी के परिचित नारायणलाल के फार्म हाउस कस्बा राणाकुडी पर मुकिम रहें। परिवादी के मोबाईल पर आरोपी दलाल श्री कमलेश पोखरना का कॉल आया जिस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा ब्यूरो का डिजीटल टेप रिकार्डर चालु कर वार्ता को रिकार्ड किया गया वार्तानुसार आरोपी दलाल द्वारा परिवादी को पूछा गया कि कहां हो मेडम से बात हो गई है आ जा ओ परिवादी को आरोपी दलाल द्वारा पुनः उसकी दूकान पर बुला गया है जिस पर समय करीबन 3.21 पीएम पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा

